Alberta

**समाचार** विज्ञप्ति

# COVID-19 के फैलाव को धीमा करने के लिए कड़े प्रतिबंध

नवंबर 24, 2020 मीडिया पूछताछ

## एल्बर्टा की सरकार जनस्वास्थ्य आपातस्थिति की घोषणा कर रही है और स्वास्थ्य प्रणाली की सुरक्षा तथा COVID-19 के मामलों के बढ़ते हुए फैलाव को धीमा करने के लिए कड़े उपाय लागू कर रही है।

नए प्रतिबंध और कड़े प्रवर्तन समुदायों में COVID-19 के फैलाव को मंद करेंगे, अस्पतालों की सुरक्षा करेंगे, स्कूलों और व्यवसायों को यथासंभव खुला रखेंगे, और कमजोर एल्बर्टावासियों की बेहतर तरीके से सुरक्षा करेंगे।

इस समय प्रांत में COVID-19 के 13,349 सक्रिय मामले हैं। अस्पतालों और गहन देखभाल इकाइयों में भर्ती होने वाले लोगों की सँख्या में वृद्धि होने के कारण नए प्रतिबंध आवश्यक हैं।

"हम जीवन और आजीविका - इन दोनों की रक्षा करने के लिए कड़े, लक्षित नए उपाय लागू कर रहे हैं ताकि COVID-19 का वक्र वापस नीचे आ सके। एल्बर्टावासियों के स्वास्थ्य और हमारी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाते हुए आज हम जनस्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा कर रहे हैं। इन उपायों के बिना हमें जल्द ही हजारों सर्जरियों और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं को रद्द करना पड़ेगा। कमजोर लोगों की सुरक्षा के लिए एल्बर्टावासियों को साथ-मिलकर काम करना होगा।"

*जेसन केनी, प्रीमियर*

"अधिकाँश एल्बर्टावासी 10 दिन पहले आरंभ किए गए लक्षित स्वास्थ्य उपायों का पालन करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इन प्रयासों से COVID-19 के फैलाव को पर्याप्त रूप से धीमा नहीं किया जा सका है। संक्रमण के मामलों, अस्पतालों में भर्ती लोगों और आईसीयू में प्रवेशों की सँख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। इस समय हम एक बहुत ही संवेदनशील समय में हैं। अभी आगे की कार्यवाही करके हम इस वायरस को धीमा कर सकते हैं, अपनी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की प्रतिक्रिया क्षमता सुनिश्चित कर सकते हैं तथा और अधिक व्यवसायों को बंद होने से रोक सकते हैं।"

*टायलर शैंड्रो, स्वास्थ्य मंत्री*

## संबंधित सूचना

एल्बर्टावासियों के लिए COVID-19 से संबंधित जानकारी
COVID-19 पुनःआरंभ नक्शा
COVID-19 जनस्वास्थ्य उपाय और दिशा-निर्देश

## मल्टीमीडिया

समाचार सम्मेलन देखें

## मीडिया पूछताछ


**क्रिस्टीन मायट**
780-446-2179
संचार उप निदेशक/ प्रेस सचिव, प्रीमियर कार्यालय

“COVID-19 के मामलों में वृद्दि की दर चिंताजनक है। नए उपायों के बावजूद भी घोषणा और प्रभाविता के बीच अंतराल के कारण आपातिक सर्जरियों को रद्द किए जाने जैसे अस्थायी अतिरिक्त स्वास्थ्य प्रणाली उपायों की आवश्यकता हो सकती है, ताकि अस्पताल COVID-संबंधी बीमारी का सामना कर सकें। सभी एल्बर्टावासियों को इन अतिरिक्त उपायों को बहुत गंभीरता से लेना चाहिए; यह वायरस अत्यधिक संक्रामक है। केवल एक-साथ काम करके ही हम एक-दूसरे की रक्षा कर सकते हैं, फैलाव को कम कर सकते हैं और अपनी स्वास्थ्य प्रणाली को सुरक्षित रख सकते हैं।”

*डॉ. दीना हिनशॉ, मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी*

### नए जनस्वास्थ्य उपाय

अनिवार्य प्रतिबंधों का पालन न करने पर प्रत्येक टिकटीकृत अवहेलना के लिए $1,000 और न्यायालयों के माध्यम से अधिकतम $100,000 तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

## पूरे प्रांत में लागू किए जाने वाले उपाय

### सार्वजनिक और निजी जनसमूह

पूरे प्रांत में तत्काल प्रभाव से सामाजिक जनसमूहों पर अनिवार्य प्रतिबंध लागू हैं। अगली सूचना जारी किए जाने तक ये उपाय लागू रहेंगे और इनमें शामिल हैं:

- किसी भी परिवेश में इनडोर सामाजिक जनसमूहों की अनुमति नहीं है, जिनमें कार्यस्थल भी शामिल हैं।
- आउटडोर सामाजिक जनसमूहों में अधिकतम 10 लोग शामिल हो सकते हैं।
- अंतिम संस्कारों और विवाह समारोहों में सभी जनस्वास्थ्य दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए और उपस्थिगणों की सँख्या अधिकतम 10 तक सीमत है। रिसेप्शनों की अनुमति नहीं है।

### स्कूल

कक्षाएँ जल्दी समाप्त करके नवंबर 30 से सभी स्कूलों के ग्रेड 7-12 के विद्यार्थी घर पर रहकर पढ़ाई करेंगे।

- आरंभिक बचपन सेवाओं और ग्रेड K-6 के बच्चे 18 दिसंबर तक व्यक्तिगत रूप से शिक्षण प्राप्त करेंगे।
- सर्दियों के अवकाश के बाद सभी विद्यार्थी घर से पढ़ाई करेंगे और 11 जनवरी, 2021 से फिर से व्यक्तिगत शिक्षा शुरू करेंगे।
- ये निर्देश अनिवार्य हैं।

बाकी बचे स्कूली वर्ष की डिप्लोमा परीक्षाएँ वैकल्पिक हैं। विद्यार्थी और उनके परिवार विकल्पों में से चयन कर सकते हैं कि वे परीक्षाएँ देना चाहते हैं या अप्रैल, जून और अगस्त 2021 के परीक्षा सत्रों में अपवाद चाहते हैं।

## फैलाव की संवृद्ध स्थिति के क्षेत्रों के लिए उपाय

तत्काल प्रभाव से संवृद्ध स्थिति के क्षेत्रों में स्थित उपासना स्थलों, व्यवसायों और सेवाओं पर अनिवार्य प्रतिबंध लागू हैं। अगली सूचना जारी किए जाने तक ये उपाय लागू रहेंगे।

**उपासना स्थल**

- उपासना स्थलों में प्रत्येक सेवा में उपस्थितगणों की अधिकतम सँख्या सामान्य उपस्थिति की एक-तिहाई तक सीमित है।
- अलग-अलग घर-परिवारों के बीच शारीरिक दूरी बनाए रखना और मास्क पहनना अनिवार्य है।
- आस्था-आधारित अग्रणियों को ऑनलाइन रूप से सेवाएँ आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
- व्यक्तिगत आस्था-समूह मिलन जारी रखे जा सकते हैं, लेकिन शारीरिक दूरी बनाए रखी जानी चाहिए और जनस्वास्थ्य निर्देशों का पालन किया जाना अनिवार्य है।

**व्यवसाय और सेवाएँ**

नवंबर 27 से व्यवसाय और सेवा प्रतिबंधों को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है: व्यवसाय में लोगों का निषेध, प्रतिबंधों के साथ प्रवेश, और केवल एपॉइंटमेंट से प्रवेश। श्रेणियों के अनुसार प्रभाव वेबसाइट alberta.ca/enhanced-public-health-measures.aspx पर उपलब्ध हैं।

ये उपाय तीन सप्ताहों के लिए लागू रहेंगे, लेकिन इन्हें आवश्यकतानुसार आगे बढ़ाया जा सकता है।

एल्बर्टावासियों को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे रिटेल स्थलों पर व्यक्तिगत उपस्थिति को सीमित करें, स्थानीय रूप से खरीदारी करें और जहाँ संभव हो, कर्बसाइड पिकअप, डिलीवरी और ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग करें।

## कैलगरी, एडमोंटन और आस-पास के समुदायों के लिए विशिष्ट उपाय

**मास्क अनिवार्यता**

तत्काल प्रभाव से एडमोंटन, कैलगरी और इनके आस-पास के क्षेत्रों में स्थित इनडोर कार्यस्थलों में मास्क पहनने की नई अनिवार्यता लागू है। इसमें ऐसा कोई भी स्थान शामिल होगा जहाँ कर्मचारी उपस्थित रहते हैं और यह अनिवार्यता डिलीवरी कर्मियों, अन्य कर्मचारियों या ठेकेदारों समेत आगंतुकों के लिए भी लागू होगी।

यह निर्देश अगली सूचना जारी किए जाने तक लागू रहेगा।

वर्तमान दिशा-निर्देश और कानूनी आदेश सभी क्षेत्रों में लागू हैं। एल्बर्टा स्वास्थ्य, एएचएस (Alberta Health, AHS) और स्थानीय नगरपालिकाएँ पूरे प्रांत में लगातार फैलाव की निकटता से निगरानी कर रही हैं।

## त्वरित तथ्य

- नए उपायों का संपूर्ण क्रम यहाँ उपलबध है।
- एल्बर्टा में 13,349 सक्रिय मामले हैं और 35,695 मामलों में लोग फिर से स्वस्थ हो गए हैं।
- COVID-19 के कारण 348 लोग अस्पतालों में भर्ती हैं, जिनमें से 66 लोग गहन देखभाल में हैं।
- COVID-19 के कारण कुल 492 लोगों की मृत्यु हो गई है।
- कानून के अनुसार बीमार होने या लक्षणों के प्रकट होने की स्थिति में सभी एल्बर्टावासियों को शारीरिक दूरी बनाए रखना और एकाँतवास करना आवश्यक है।
- अच्छी स्वच्छता बनाए रखना आपके लिए सबसे बेहतरीन सुरक्षा है: अपने हाथों को कम से कम 20 सेकंडों के लिए नियमित रूप से धोएँ, अपने चेहरे को स्पर्श न करने की कोशिश करें, खाँसी या छींक आने पर कोहनी या आस्तीन से अपना नाक-मुँह ढकें, और उपयुक्त तरीके से टिश्यु का निपटान करें।